# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

e-mail:-nagarnigamrudrapur@gmail.com visit:-www.nagarnigamrudrapur.com

(दूरभाष– 05944–242400 फैक्स–05944–243316)


पत्रांकः– /कर अनु0/2023–24

दिनांक–

## " ई–निविदा सूचना"

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे, कि नगर निगम रूद्रपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु निम्नलिखित ठेकों की निम्न विवरणानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हे।

ठेको का विवरण

| क्र.सं | कार्य का नाम | ठेके की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | तहबाजारी शुल्क वसूली निविदा | 19.05.2024 से 31.05.2025 तक |
| 2. | मुर्गा–मीट, मछली विक्रय शुल्क निविदा | 01.04.2024 से 31.03.2025 तक |
| 3. | ट्रेड लाईसेंस नगर सेवा पोर्टल के माध्यम नवीनीकरण/बनवायें जाने हेतु | 01.04.2024 से 31.03.2025 तक |

| Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|
| Date of online Publication | 14.2. 2024 | 4.00 PM |
| Documents Download Start Date | 14.2. 2024 | 4.00 P.m. |
| Bid Submission Start Date | 14.2 2024 | 4.00 Pm |
| Bid Submission End Date | 29.2. 2024 | 12.00 PM |
| Offline Submission of Hard/Orignal copy of Document: End Date | 29.2. 2024 | 12.30. P.M |
| Bid Opening Date | 29.2. 2024 | 1.00. P.M. |

उपरोक्त ई–निविदायें http://uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाओं की नियम व शर्तो को नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर भी देखी जा सकती हैं।

नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

जिलाधिकारी/प्रशासक
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर


# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

e-mail:-nagarnigamrudrapur@gmail.com visit:-www.nagarnigamrudrapur.com

(दूरभाष– 05944–242400 फैक्स–05944–243316)


पत्रांकः–3958/कर अनु0/2023–24 D.B

दिनांक–14/02/24

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु प्रेषित–

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
2. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय मुख्य कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
4. सम्पादक .................................. एवं .................................. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को अपने देनिक समाचार पत्र में दिनांक ..................के अंक में न्यूनतम दरों में पठनीय भाग में प्रकाशित किये जाने एवं उक्त समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. श्री तपन कुमार राय, कनिष्ठ सहायक सह डा.इ.आ. को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना, निविदा शर्तें उत्तराखण्ड की वेबसाइट http://uktenders.gov.in व नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com में अपलोड करना एवं निश्चित तिथि को निविदा कमेटी के समक्ष टेण्डर खोलना सुनिश्चित करें।
6. कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर ऊधमसिंह नगर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

(शिप्रा जोशी पाण्डेय)
उप नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

# कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर

नगर निगम, रूद्रपुर सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–2025 के **ट्रेड लाईसेन्स** नगर सेवा के पोर्टल के माध्यम से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर नवीनीकरण/बनवाये जाने हेतु शर्ते निम्नवत् हैः–

1. निविदा फार्म शुल्क रू0 1000+18% जी0एस0टी0 अलग से देय होगा का ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम से बन्धक हो निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ 50,000.00 (रू0 पचास हजार मात्र) की धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. फर्म/कम्पनी का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन/पैन कार्ड का प्रमाण पत्र लगाया जाना अनिवार्य होगा।
4. फर्म/कम्पनी को लाईसेंस हेतु सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों से सम्बन्धी सर्वे के साथ डाटा एन्ट्री किये जाने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
5. किसी प्रकार के वाद विवाद का निस्तारण ऊधमसिंह नगर जिले के न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में होगा।
6. उक्त कार्य हेतु कार्यरत कार्मिको को फोटो पहचान पत्र दिया जाना होगा जिसे निगम द्वारा निविदादाता के खर्च पर निर्गत किया जायेगा। अनुबन्ध समाप्त होने पर समस्त आई कार्ड निगम को वापस किया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी दशा में उक्त पहचान पत्र का दुरूप्रयोग नहीं किया जायेगा।
7. दुकानों/प्रतिष्ठानों से आवश्यक अभिलेख एकत्र कर निगम कार्यालय में नगर सेवा पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार सभी अभिलेखों को अपलोड कर ट्रेड लाईसेंस बनाया जाना अनिवार्य होगा।
8. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।
9. सफल निविदादाता द्वारा जितने भी ट्रेड लाईसेंस बनाये जायेंगें उनकी संख्या नाम एवं अन्य विवरण एकत्रित कर प्रत्येक माह की 05 तारीख तक नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
10. सफल निविदादाता द्वारा 31 मार्च 2025 तक समस्त ट्रेड लाईसेंस बनाये जाने अनिवार्य होंगे।

जिन्दगी चुनों, तम्बाकू नहीं

11. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के प्रपत्र अलग–अलग लिफाफों में सील कर इन दोनों लिफाफों को एक अन्य बड़े लिफाफे में सील कर ऊपर सम्बन्धित कार्य की निविदा अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

12. यदि कोई निविदादाता/फर्म "शून्य शुल्क" (निल चार्जेज) अंकित करता है तो वह निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

13. निविदादाता द्वारा ऑन लाईन डॉक्यूमेंट ही अपलोड किये जायेंगे। तथा ऑफ लाईन डॉक्यूमेंट में केवल निविदा शुल्क, एफ0डी0आर0 इत्यादि जमा कराये जायेंगे। जिसकी प्रतिलिपि ऑन लाईन डॉक्यूमेंट में भी अनिवार्य रूप से संलग्न की जानी होगी। समिति द्वारा ऑन लाईन डॉक्यूमेंट का परीक्षण किया जाएगा।

14. निविदादाता द्वारा ट्रेड लाईसेंस नियमावली का पालन करना होगा तथा समय–समय पर शासन द्वारा प्राप्त आदेशों का भी पालन करना होगा।

15. अपरिहार्य स्थिति में या आपदा की स्थिति में समिति की आख्या अनुसार निर्णय का अधिकार नगर आयुक्त का होगा।

16. निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में निविदा की शर्तें भी अनुबन्ध का भाग होगी। उपरोक्त किसी शर्तों का यदि अनुबन्धकर्ता द्वारा उल्लंघन किया गया तो नगर निगम जमानत धनराशि जब्त करते हुए अनुबन्धकर्ता के विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही करने का अधिकार नगर आयुक्त को होगा तथा नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा, जो अनुबन्धकर्ता को मान्य व स्वीकार होगा।

01/2/24
(निशा दुबे)
कर एवं रा0ना0मो0
नगर निगम रूद्रपुर

01.2.24
(महेश्वर दत्त पाण्डे)
प्र कर अधीक्षक
नगर निगम रूद्रपुर

01.02.24
(जुबक मोहन सक्सेना)
वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम रूद्रपुर

(नरेश चन्द्र दुर्गापाल)
नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर

जिलाधिकारी/प्रशासक
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

जिन्दगी चुनों, तम्बाकू नहीं.